हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर, 2025

13 खूनन में एक महीने में नशे से तीन युवा बने काल का ग्रास : भवानी



14 हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना के शामिल आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने एक सडक़ दुर्घटना के मामले में आरोपी चालक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्यारा सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी महमड़ा के रूप में हुई है, जो इस दुर्घटना में शामिल पाया गया। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल की शाम लक्ष्मण पुत्र सोना राम पिलछिया रोड से जा रहे थे। इसी दौरान एक सफेद हुंडई वरना कार ने पीछे से टक्कर मार दी।

### एक लाख की ठगी करने वाला लुधियाना से दबोचा

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश पुत्र कृष्णपाल निवासी ताजपुर रोड, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, फोकल प्वाइंट, लुधियाना, पंजाब को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1500 की नकदी बरामद की गई है।

### दहेज उत्पीड़न पर आरोपी पति काबू

**फतेहाबाद।** दहेज उत्पीडऩ के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने आरोपी को पंजाब के बठिंडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजा राम पुत्र गुरमेल सिंह निवासी रामा मंडी, जिला बठिंडा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी शादी 21 नवम्बर 2021 को हुई थी। शादी के समय परिजनों ने दहेज स्वरूप सोने के आभूषण, फर्नीचर और अन्य सामान सहित लगभग 15 लाख खर्च किया था।

### नशे का इंजेक्शन लगाते तीन युवक दबोचे

**फतेहाबाद।** खैरातीखेड़ी रोड पर नशा करते तीनल युवकों को शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम ने धर दबोचा है। इन तीनों युवकों को धारा 172(2) बीएनएस के तहत डिटेन भी किया गया है। बस अड्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खैराती खेडा रोड स्थित माझूं पेट्रोल पंप के पीछे खाली पड़ी जगह पर तीन युवक नशे के इंजेक्शन लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर तीनों युवकों को धर दबोचा।

### कहासुनी के बाद किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पीड़ित सागर पुत्र गुरजंट निवासी बरसीन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 सितम्बर की रात लगभग 1 बजे वह योगशाला गांव बरसीन में बैठा था। इसी दौरान आरोपी सच्चु पुत्र अशोक उर्फ शोकी, राजा पुत्र सर्व सिंह और सनी पुत्र रमेश वहां आए और उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर पीड़ित पर लाठी-डंडों और घूसों से हमला किया।

### डोडा पोस्त तस्करी में एक और आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी को 30 किलो कचरा डोडा पोस्त तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के लिए रतिया-बुर्ज रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान विशेष सूचना मिली कि छिन्दा पुत्र रामचंद निवासी बुर्ज अपने मुर्गी फार्म पर नशीला पदार्थ बेचने का काम कर रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना : 25 सितंबर को जिलेभर में लगेंगे कैंप, मौके पर होगा महिलाओं का पंजीकरण

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्यभर में जिला, उपमंडल, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला फतेहाबाद में इस अवसर पर सिविल अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि होंगे। जिला प्रशासन ने इस अवसर को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खास बातें**

- जिला प्रशासन ने इस अवसर को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां की पूरी
- उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश

### महिला के नाम पर बैंक खाता विवरण प्रस्तुत करना जरूरी

**पहले से सम्मान भत्ता ले रही महिलाएं नहीं होगी शामिल**

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा/ निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ित महिला/लडक़ी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। इस योजना के पंजीकरण के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके लिए महिला को हरियाणा का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, विवाहित होने पर ससुराल पक्ष के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बिजली बिल का कनेक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर (यदि बेरोजगार हो), महिला/परिवार के नाम पर रजिस्टर्ड वाहन का विवरण और महिला के नाम पर बैंक खाता विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।




फतेहाबाद। लाडो लक्ष्मी योजना के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

### पंजीकरण कैंप होंगे आयोजित

योजना के तहत 25 सितंबर को जिलेभर में जिला, उपमंडल, खंड, ग्राम व वार्ड स्तर पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में पात्र महिलाओं का पंजीकरण किया जाएगा। क्रीड की टीम के साथ महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य और पंचायत विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर महिलाओं को योजना के बारे में जागरूक करेंगी और पंजीकरण के लिए प्रेरित करेंगी।

### यहां-यहां लगेंगे कैंप

लाडो लक्ष्मी योजना में पंजीकरण के लिए जिला में फतेहाबाद, भूना, भट्टू, रतिया, टोहाना, जाखल के नागरिक अस्पताल, नागपुर में बीडीपीओ कार्यालय में पंजीकरण कैंप लगेंगे। इसके अतिरिक्त गांवों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व उच्च विद्यालयों में लाडो लक्ष्मी योजना में महिलाओं के पंजीकरण के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### योजना के लिए पात्रता

महिला की आयु 23 वर्ष से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। महिला न्यूनतम 15 वर्ष से हरियाणा की स्थायी निवासी हो। परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की कैंसर पीड़ित महिला, दुर्लभ बीमारियों जैसे हीमोफीलिया, थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित महिलाएं, जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रही हैं, वे भी इस योजना की पात्र होंगी।

## व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रवीण जोड़ा का जताया आभार

# अतिक्रमण: जिलाध्यक्ष की सीएम से बात के बाद दीपावली तक तोड़फोड़ पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**नगरपरिषद की कार्रवाई के बाद स्वयं को ठगा-सा महसूस कर रहे दुकानदार**

नगरपरिषद द्वारा पिछले कई दिनों से अतिक्रमण के नाम पर की जा रही तोडफ़ोड़ रोक दी गई है। सोमवार को शहर में जेसीबी से जमकर तोड़ फोड़ करवाने वाली नगरपरिषद की टीम ने मंगलवार को बाजारों में जाकर दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की सलाह दी। बीजेपी जिलाध्यक्ष के अनुरोध पर सरकार ने दीपावली तक प्रशासन को यह अभियान रोकने के निर्देश दिए हैं। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। मंगलवार को शहर में जेसीबी न दिखने से दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि जिन दुकानदारों को नगरपरिषद ने उजाड़ कर रख दिया, वह दुकानदार स्वयं को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। अतिक्रमण अभियान थमने पर व्यापार मंडल ने भी सीएम व बीजेपी जिलाध्यक्ष का आभार जताया है। डीएमसी ने चेतावनी दी कि दुकानदार खुद अतिक्रमण हटा लें अन्यथा भविष्य में कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीते कुछ दिनों से सरकार के निर्देशानुसार डीएमसी फतेहाबाद द्वारा शहर में जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे, दुकानों के बाहर अतिक्रमण और शैड को तोडऩे काम किया जा रहा था।दुकानदारों के आग्रह पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बीते दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हांसी के विधायक एवं फतेहाबाद के प्रभारी विधायक विनोद भ्याना से फोन पर बात कर दुकानदारों को त्यौहारी सीजन दिवाली तक का समय देने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह व विधायक विनोद भ्याना ने भी उन्हें आश्वस्त किया।





फतेहाबाद। बीजेपी जिलाध्यक्ष का आभार जताते व्यापार मंडल के पदाधिकारी व निरीक्षण कर नागरिकों से बातचीत करते डीएमसी संजय बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकानदार समय रहते हटा लें अतिक्रमण : जोड़ा

भापजा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने भी दुकानदारों से आह्वान किया कि यह शहर हमारा अपना है। इसे साफ सुथरा रखना और अतिक्रमण मुक्त रखना भी हमारा कर्तव्य है, इसलिए दुकानदार भाई अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटा लें, जिन्होंने नियमों के खिलाफ शैड लगाए हुए हैं, वे जल्द से जल्द अपने शैड उतार लें और अवैध कब्जों को छोड़ दें। सरकार व प्रशासन जनता के हित के लिए काम कर रही है।

### मांगों पर लिया संज्ञान

व्यापार मंडल की मांगों पर संज्ञान लेने पर व मुख्यमंत्री से बात कर दिवाली तक अतिक्रमण अभियान रुकवाने पर व्यापार मंडल पदाधिकारीयों ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का आभार व्यक्त किया। गत दिवस जब व्यापार मंडल पदाधिकारियों का दल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से मिला तो उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की एवं दिवाली व दशहरे के त्यौहार को देखते हुए दुकानदारों की सुविधा अनुसार अतिक्रमण अभियान रोकने का आह्वान किया। इसे मुख्यमंत्री ने माना है और उपायुक्त से भी इस विषय में उनकी बात हुई है।

### डीएमसी ने किया निरीक्षण

जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को शिवालय मार्केट, मॉडल रोड व रतिया चुंगी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि अधिकांश दुकान मालिकों ने स्वयं ही अपने स्तर पर अतिक्रमण हटा लिया है। जिला नगर आयुक्त ने दुकानदारों एवं आमजन को यह निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार का स्थायी अथवा अस्थायी अतिक्रमण न किया जाए। यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो विभाग की टीम द्वारा संबंधित पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।




फतेहाबाद। फसल खरीद कार्यों की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

### धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा

# फतेहाबाद में 7 अनाज मंडियां और 43 खरीद केंद्र स्थापित

- खरीद केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में फसल खरीद कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही फसल खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने उपमंडलों की अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और वहां उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें। उन्होंने बताया कि इस बार धान खरीद के लिए जिले में 7 अनाज मंडियां और 43 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### खरीद एजेंसियों को निर्देश

उन्होंने खरीद एजेंसियों को भी निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही फसल खरीद करें। खरीद एजेंसियों के पास पर्याप्त बारदाना, तिरपाल और नमी मापन यंत्र उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नमी मापने वाले यंत्रों की पूर्व में ही जांच और प्रमाणिकता सुनिश्चित कर ली जाए। उपायुक्त ने कहा कि फसल उठान प्रक्रिया समय पर और सुचारू रहे। इसके लिए उठान कार्य में लगे सभी वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाया जाए। इस अवसर एसडीएम आकाश शर्मा, राजेश कुमार, सुरेश सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीएफएससी विनीत जैन सहित खरीद कार्य से जुड़े विभिन्न एजेंसियों अधिकारी मौजूद रहे।

# नई गाइडलाइन के प्रावधानों का विरोध

- समस्याओं को लेकर सीएम से मिलेंगे मनरेगा मेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

मनरेगा में आ रही समस्याओं को लेकर मनरेगा मेट यूनियन की बैठक गांव नागपुर में ब्लाक प्रधान डॉक्टर मंगा राम मढ़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा में आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया। बैठक में निर्णय किया कि प्रदेशभर के मनरेगा मेट अपनी समस्याओं को लेकर सीएम से जल्द ही मुलाकात कर उन्हें समस्याओं के बारे में अवगत करवाया जाएगा।



रतिया। गांव नागपुर में समस्याओं को लेकर चर्चा करते मनरेगा मेट।

### कर्मचारियों की रेगुलर करने की मांग

ब्लाक प्रधान डॉ. मंगा राम ने बताया कि सरकार द्वारा मनरेगा को लेकर जारी नई गाइनलाइन में काफी खामियां हैं। सार्वजनिक स्थानों, नहरों की सफाई, नहरी खालों की सफाई, कच्चे रास्तों की सफाई, पीडब्ल्यूडी से बने पक्के रास्तों की सफाई इत्यादि के कार्य करवाए जाने बहुत जरूरी है लेकिन 5 साल में एक बार सफाई का फैसला न्यायसंगत नहीं है। इनके इलावा मेटों को मानदेय देकर पक्का करना, मनरेगा कर्मचारियों को रेगुलर करने की मांग की जा रही है।

# ओढां में रामलीला का मंचन का शुभारंभ

- पहले दिन सूर्य देवता की आरती नाटक किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

श्री दुर्गा नाटक क्लब ओढ़ा द्वारा आयोजित रामलीला के प्रथम रात्रि मंच का शुभारंभ रामायण आरती और रामलीला की पहली रात्रि की शुरुआत बहुत ही सुन्दर ढंग से हुई। जिसमें राजा शांतनू (राजेन्द्र कुमार) निःसंतान होने के कारण अपने दरबारियों से परामर्श करते हैं कि मेरे बाद इस राज्य को संभालने वाला भी कोई होना चाहिए। ऋषि-मुनियों और दरबारियों की सलाह पर राजा अपनी रानी भाग्यवंती (लवनीश) के साथ सूर्य देव (भोला सिद्धू) की तपस्या करते हैं। सूर्य देव ने प्रसन्न होकर राजा शांतनु को वरदान दिया और कहा कि तुम अपनी रानी सहित उसका मुख नहीं देख पाओगे और दोनों अंधे हो जाओगे। शांतनु स्वयं व पत्नी को अंधा होना स्वीकार कर लेता है और एक बेटे का वरदान पा लेता है। जन्म के बाद पुत्र का नाम श्रवण कुमार रखा गया।



सिरसा। श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### श्रवण कुमार की कथा सुनाई

श्रवण कुमार (जुगनी तुरकिया) बड़ा होने पर अपने माता-पिता को अंधा देखकर दुखी होता है और सभी दरबारियों की सलाह से अपने माता-पिता के दुख को दूर करने के लिए एक बड़ा तराजू बनवाकर उसमें दोनों को बैठाकर 68 तीर्थों के स्नान करने जाता है। अंतिम तीर्थयात्रा के दौरान जब श्रवण अपने माता-पिता के लिए पीने के लिए पानी लेने जाता है, तो जंगल में एक जंगली जानवर समझ कर शबद भेदी बाण से राजा दशरथ (मनी सिंगला) के हाथों उसकी मृत्यु हो जाती है और जैसे ही उन दोनों को पूरी सच्चाई पता चलती है तो वे दोनों राजा दशरथ को श्राप देकर स्वर्ग सिधार जाते हैं। उनके श्राप के अनुसार राजा दशरथ की मृत्यु के समय उसके पास कोई पुत्र नहीं होगा। रामायण की शुरुआत में पहला दृश्य दशरथ के दरबार में संतान की इच्छा के संबंध में कुल गुरुओं और मंत्रियों से परामर्श करते हुए दिखाया गया है।

## यातायात नियमों की दी जानकारी



सिरसा। जिला यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक संजीव बल्हारा की अध्यक्षता में थाना यातायात सिरसा में सडक़ सुरक्षा एव प्राथमिक सहायता कार्यक्रम के तहत शहर के अनेक ई रिक्शा चालकों व ऑटो रिक्शा चालकों को यातायात नियमों बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि देशभर में एक आंकड़े के मुताबिक करीब पांच लाख मौतें सडक़ हादसों में होती हैं और इनमें से अधिकांशतः यातायात नियमों की पालना न करने से संबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी वाहन चालक यातायात नियमों की कड़ाई से पालना करें तो इन हादसों की संख्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**प्रतियोगिता** राजकीय स्कूल की छात्रा नुशिका तथा तनवी ने तीसरा स्थान किया प्राप्त

# रिजनल रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता, फतेहाबाद की छात्राओं ने किया हरियाणा का प्रतिनिधित्व




फतेहाबाद। रिजनल रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रही हरियाणा का नेतृत्व कर रही जिले की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, पंचकूला के तत्वाधान में आयोजित रीजनल रेड रिबन क्विज प्रतितोगिता में फतेहाबाद की छात्राओं ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया की कक्षा 11वीं की दो छात्राओं नुशिका तथा तनवी ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर हरियाणा और फतेहाबाद जिले का नाम रोशन किया। इन छात्राओं को 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिले की छात्राओं को मिली इस शानदार उपलब्धि से शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल है।

### अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा

इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व फतेहाबाद जिले के लिए गौरव की बात है। इसके लिए प्राचार्य,अध्यापक तथा माता-पिता बधाई के पात्र हैं। इससे जिले में पढ़ रहे अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है तथा विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है।
**-संगीता बिश्नोई**, जिला शिक्षा अधिकारी, फतेहाबाद

### जिले के लिए शानदार उपलब्धि

यह फतेहाबाद जिले के लिए शानदार उपलब्धि है। यह वाकई में विद्यार्थियों तथा अध्यापकों की लगातार मेहनत का परिणाम है कि आज हम इस मुकाम को छू पाए हैं। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान की शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने की रूचि पैदा होती है।
**-मुकेश कुमार**, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, फतेहाबाद



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

**लाइफ Style**

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीजल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



### हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

### टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।** भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*




### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### बहबलपुर के विद्यार्थियों का खेल महाकुंभ में चयन

**फतेहाबाद**' खेल विभाग हरियाणा के आदेशानुसार गांव भोडिया खेड़ा के जिला खेल स्टेडियम में जिम्नास्टिक तथा तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन फतेहाबाद जिला खेल अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ,। इस प्रतियोगिता में मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज बहबलपुर के छात्र सौरभ तथा निखिल व बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र योगेश शर्मा ने जिमनास्टिक तथा छात्र मंगल सिंह व छात्रा अमनदीप कौर ने तैराकी में अपनी प्रतिभा का लोहा मानवाते हुए अंबाला कैंट में आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए चयनित किए गए।

### आज मनाया जाएगा सांसद शैलजा का जन्मदिवस

**फतेहाबाद**। सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी शैलजा का जन्मदिवस 24 सितम्बर को हांसपुर रोड स्थित सतगुरु अपना घर आश्रम, फतेहाबाद में प्रातः 10.30 बजे सेवा, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि कुमारी शैलजा सिरसा लोकसभा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश की राजनीति में एक आदर्श स्थान रखती हैं।

### शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद**। शादी का झांसा देकर मां-बेटे से हजारों की राशि ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दर्शन सिंह उर्फ पोला पुत्र गुरदेव सिंह निवासी चांदपुरा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पीड़िता कृष्णा पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी डाया, जिला हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके बेटे सुनील की शादी कराने के नाम पर कुछ व्यक्तियों ने उसे ठग लिया।

### हमला करने पर आदतन अपराधी दबोचा

**फतेहाबाद**। एक युवक पर जानलेवा हमला करने क मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दीपू उर्फ दीपू जाट पुत्र राजन सिंह निवासी नन्हेड़ी के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपू आदतन श्रेणी का अपराधी है। इसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत पहले से ही 5 मामले दर्ज हैं। डीएसपी रतिया नरसिंह सिंह ने बताया कि पीड़ित प्रगट सिंह पुत्र तजिन्द्र सिंह निवासी वार्ड 17, रतिया ने बयान दर्ज कराए कि 5 जुलाई को बस अड्डा रतिया और बाद में बाजार क्षेत्र में आरोपी दीपू उर्फ दीपू जाट, जसपाल, जीवन कट्टा, रेशम तथा अन्य साथियों ने जातिसूचक गालियां दीं।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगी

**सिरसा**। जिले में एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मोहता गार्डन निवासी राहुल सिंगल ने बताया कि वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उससे कहा कि आप अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए एचटीटीपीएस नाम से वेबसाइट पर विजिट करो। उसने अपने भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड का नंबर व डिटेल उस साइट पर डाल दी। उसके पास एक ओटीपी आया, ओटीपी के साइट पर डालते ही उसके क्रेडिट कार्ड से 36 हजार रुपए डेबिट हो गए।

### गांव ढाणी लांबा में जागरुकता कार्यक्रम

फतेहाबाद। जिलेभर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला थाना फतेहाबाद की टीम ने गांव ढाणी लांबा में पहुंचकर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने किया। इस अवसर पर थाना शहर फतेहाबाद के उपनिरीक्षक सुरेंद्र, पीएसआई प्रियंका और पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## अब महाशक्ति ट्रस्ट ने उठाया गांव को नशामुक्त करने का बीड़ा

# खूनन में एक महीने में नशे से तीन युवा बने काल का ग्रास : भवानी

एसपी से मिले ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह, गांव में लगवाया नाका, कमेटी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पंजाब सीमा से सटा फतेहाबाद का गांव खूनन, जहां एक महीने में नशे के कारण तीन नौजवान काल का ग्रास बन चुके हैं। अब इस गांव को नशामुक्त करने का बीड़ा उठाया है महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने। जिले में नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट को गांव खूनन के लोगों ने खुलकर अपना समर्थन दिया है। गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने न केवल गांव में युवाओं की कमेटी गठित की वहीं पंजाब से सटे इस गांव में बढ़ते नशे पर भी चिंता जताई। इस गंभीर मामले को लेकर भवानी सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से भी बातचीत की। एसपी ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत प्रभाव से गांव में एक नाका लगा दिया है ताकि पंजाब से नशा तस्कर गांव में न आ सकें वहीं नशा खरीदने व बेचने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि पंजाब सीमा से सटे होने के कारण गांव खूनन नशे का गढ़ बन चुका है।

■ गांव के लोगों ने ट्रस्ट का दिया समर्थन



फतेहाबाद। गांव खूनन में नशे के खिलाफ लड़ाई को लेकर कमेटी की घोषणा करते महाशक्ति ट्रस्ट के भवानी सिंह।

### महापंचायत में लिया निर्णय

पंजाब से काफी संख्या में नशा तस्कर यहां नशा खरीदने और बेचने के लिए आते हैं। गांव की युवा पीढ़ी के नशे में दलदल में धंसने के चलते एक महीने में तीन युवाओं की मौत हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीणों ने महापंचायत कर नशे के खिलाफ लड़ाई लडने का फैसला लिया। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले गांव में कमेटी का गठन करके नशा करने व बेचने वालों की धरपकड़ की जाएगी। महापंचायत में पहुंचे भवानी सिंह ने भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगर सब एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे तो पूरा गांव नशा जैसी बुराई से आजाद हो जाएगा।

### कमेटी में युवाओं को किया शामिल

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गांव खूनन में नशे के खिलाफ लड़ाई लडने के लिए 35 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इसमें सोनी सरपंच, जसवीर सिंह, महिन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह, सतपाल सिंह, हरजीत सिंह, रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, अनमोल सिंह, बलजीत सिंह, रमेश कुमार, कुलदीप, रणजीत सिंह, सन्नी सिंह, खेम सिंह, बंटी सिंह, जसवंत सिंह, लवप्रीत सिंह, दीपक सिंह, सतनाम, भजन सिंह, गुरविन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, हीरा सिंह, सतनाम सिंह, हीरा सिंह, मंगा सिंह, जसविन्द्र कौर, सुरजीत कौर, गुरनाम कौर, सरबजीत कौर व लवप्रीत सिंह शामिल हैं।

### सदस्य गांव में रखेंगे कड़ी निगरानी

भवानी सिंह ने कहा कि कमेटी सदस्य गांव में कड़ी निगरानी रखेंगे। गांव में नशा बेचने व खरीदने वालों की सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जाएगा और पुलिस के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पर भवानी सिंह ने इस गंभीर समस्या को लेकर एसपी सिद्धांत जैन से मुलाकात की और उनसे गांव में विशेष नाका लगाने का अनुरोध किया। एसपी ने भी इसे गंभीर मामला मानते हुए तुरंत प्रभाव से वहां नाका लगवा दिया है। नशा तस्करों की आवाजाही रोकने के लिए पंजाब से आने-जाने वाले हर संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है।



फतेहाबाद। समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन।

## नशे में उलझे युवा हमारे अपने, समाज की मदद की जरूरत : पुलिस अधीक्षक

■ पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मैस में जिलेभर के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**फतेहाबाद**। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मैस में नशा मुक्ति टीम, 180 केयरटेकरों और जिलेभर के पुलिस अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य नशाग्रस्त युवाओं को फिर से समाज की मुख्यधारा में लाना और नशा बेचने वालों को कानून के शिकंजे में कसना रहा। बैठक में डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह, डीएसपी रतिया नरसिंह, नशा मुक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक शुंदर सिंह, रेंज पीआरओ संजन कुमार, प्रवाचक उपनिरीक्षक राहुल कुमार, सेना लिपिक एसआई संदीप कुमार सहित जिलेभर के सभी केयरटेकर मौजूद रहे। एसपी जैन ने कहा कि हम नशे में उलझे नौजवानों को अपराधी नहीं मानते। वे हमारे अपने हैं, वे पीड़ित हैं, जिन्हें समाज की मदद की जरूरत है, लेकिन जो नशा बेचकर उनका भविष्य छीनते हैं, उनके लिए कानून की सबसे सख्त धाराएं तैयार हैं।

### नशा छोड़ो अभियान शुरू किया जाएगा

एसपी ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों को और अधिक सशक्त व संसाधनयुक्त बनाया जाएगा, ताकि पीड़ितों को बेहतर देखभाल और काउंसलिंग मिल सके। नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो अभियान जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में शुरू किया जाएगा। धर्मगुरु, शिक्षाविद, समाजसेवी और प्रेरक व्यक्तित्वों को मंच पर लाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। नशा मुक्त हो चुके युवाओं की सफलता की कहानियों को समाज के सामने लाया जाएगा, ताकि अन्य युवाओं को प्रेरणा मिल सके।

## नशे और सड़क हादसों के खतरे बारे में किया जागरूक

**टोहाना**। जिलेभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत थाना टोहाना पुलिस द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव और सडक हादसों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम डीएसपी टोहाना उमेद सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर ही नहीं बनाता, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी विनाशकारी है। नशे की लत से पढ़ाई-लिखाई, रोजगार और भविष्य सभी प्रभावित होते हैं। डीएसपी उमेद सिंह ने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुराई से दूर रहें और समाज में दूसरों को भी जागरूक करें। पुलिस टीम ने युवाओं को सडक सुरक्षा से जुड़े नियमों और सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। बताया गया कि लापरवाही से गाड़ी चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी सडक हादसों की बड़ी वजह है। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना, गति सीमा का पालन करना और मोबाइल फोन का प्रयोग न करना बेहद जरूरी है।

## संतुलित आहार व रहन-सहन की दी जानकारी

■ आयुर्वेद दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आयुष विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) मानावाली के नवनिर्मित भवन में 10वां आयुर्वेद दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष से आयुर्वेद दिवस हर साल 23 सितंबर को मनाया जाएगा। यह दिन इसलिए भी खास है कि इस दिन, रात और दिन लगभग बराबर होते हैं तथा यह प्रकृति में संतुलन का प्रतीक है।



फतेहाबाद। आयुर्वेद दिवस पर गांव मानावाली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी।

स्वास्थ्य भी शारीरिक त्रिदोषों इत्यादि के संतुलन पर निर्भर है। उन्होंने उपस्थित लोगों को उचित आहार-विहार और रहन-सहन के साथ-साथ योग को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह मंडेला ने भी संबोधित किया और आयुष विभाग को पूरा सहयोग करने का वादा किया। पहले सेशन में योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा ने उपस्थित जनों को योग व प्राणायाम का महत्व बताते हुए आसन व प्राणायाम करने की सही विधि बताई।

### किया पौधरोपण

इस दौरान महिलाओं किशोरियों व बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष जांच की गई तथा उन्हें दिनचर्या ऋतुचर्या आहार-विहार की जानकारी के साथ-साथ एनीमिया से बचाव के उपाय, पोषण संबंधी व मातृ शिशु कल्याण संबंधि जानकारी दी गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नागरिकों को औषधीय पौधों का वितरण किया गया तथा अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भारती चौहान, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. हरीश चन्द्र, डॉ. विश्वजीत, डॉ. अंजू, डॉ. दीपमाला, डॉ. सोनिया, डॉ. शालू बंसल, डॉ. शिक्षा कुमारी, डॉ. जसविंदर, डॉ. मीना, डॉ. कल्पना जोशी, डॉ. शकुंतला, योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट सीमा, ममता, ऊषा इंदौरा, संदीप, ललित, दिलबाग, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

■ एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का किया आयोजन

■ 70 प्रार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

जिला रोजगार कार्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़ ने उपस्थित युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुडक़र एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



फतेहाबाद। कार्यक्रम में मौजूद जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़ व अन्य अधिकारी।

### विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सों की जानकारी की साझा

महिला प्रार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इच्छुक महिलाएं जिला परिषद कार्यालय में आकर स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे युवा अपने कौशल का विकास कर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। इस दौरान आरसेटी से राखी ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सों की जानकारी साझा की। शिविर में लगभग 70 प्रार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश का मौके पर पंजीकरण कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा, एलआईसी के डेवलपमेंट ऑफिसर अविनाश सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

### नौ दिवसीय दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ



फतेहाबाद। दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथिगण।

**फतेहाबाद**। लाजपत नगर स्थित युवा एकता क्लब द्वारा आयोजित नौ दिवसीय दुर्गा महोत्सव का शुभारम्भ नवरात्रों के पहले दिन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व पार्षद अनीता व सोनू कुक्कड़ ने माता की ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर माता रानी के जयकारों के बीच पुजारी ने विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना करवाई। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि दुर्गा महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग कलाकार माता की महिमा का गुणगान करेंगे। पहले दिन प्रसिद्ध गायक अमित मुंजाल ने मां के भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब के सदस्यों ने बताया कि लगातार पिछले 9 वर्षों से लाजपत नगर में दुर्गा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर को माता का विशाल जागरण होगा।

## राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर बैठक

■ श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में 4-5 को आयोजित होगा सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरु तेग बहादुरः शब्द एवं शहादत विषय पर 4 व 5 अक्तूबर को राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के मल्टीपर्पज हॉल में होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में सेमिनार के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि इस दो दिवसीय सेमिनार के दौरान छह सत्र आयोजित किए जाएंगे। 4 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे शुरू होने वाले उद्घाटन सत्र में प्रबुद्ध चिंतक डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा गुरु तेग बहादुर शब्द एवं शहादत विषय पर सेमिनार का बीज-वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। इस सत्र में सुविख्यात सिनेमैटोग्राफर, निर्देशक एवं निर्माता मनमोहन सिंह मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे और इस सत्र की अध्यक्षता नामवर लेखक, चिंतक डॉ. स्वराजबीर करेंगे। द्वितीय सत्र में डॉ. कुलदीप सिंह, कुरुक्षेत्र गुरु तेग बहादुर दी बाणी दर्शन अते दृष्टि व डॉ. गुरप्रीत कौर, दिल्ली गुरु तेग बहादुर जी दी बाणी विच मौत दा सच विषय पर पेपर प्रस्तुत करेंगे।



सिरसा। राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्य बैठक करते हुए।

## बारिश से प्रभावित फसलों-मकानों का समयबद्ध करें वेरिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में बारिश से प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को राहत पहुंचाने में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज खराब फसल और मकानों से संबंधित सभी आवेदनों का वास्तविक वेरिफिकेशन जल्द से जल्द किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा पोर्टल पर दर्ज वेरिफिकेशन रिपोर्ट को अपने स्तर पर ध्यानपूर्वक जांचें और उसके बाद अपने कमेंट्स सहित उसे वेरिफाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन को बिना कारण अस्वीकार न किया जाए, बल्कि प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष और सही तरीके से परीक्षण होना चाहिए।उपायुक्त ने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को लंबित राजस्व कार्यों को भी शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए।

■ उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया निर्देश

## सुभाष बराला ने टोहाना शहर में डोर-टू-डोर व्यापारियों और दुकानदारों से की मुलाकात

# जीएसटी बचत उत्सवः सांसद ने व्यापारियों और दुकानदारों को दी बधाई

केंद्र सरकार के किए जीएसटी सुधारों पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद /टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को टोहाना शहर में व्यापारियों और दुकानदारों से डोर टू डोर मुलाकात की और उन्हें जीएसटी कम होने की बधाई और शुभकामनाएँ दी। केंद्र सरकार द्वारा किए गए हालिया जीएसटी सुधारों पर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित नई जानकारी प्रदान की और जागरूक किया कि इन सुधारों से देश व हरियाणा की अर्थव्यवस्था, उद्योग जगत और आम नागरिकों को सीधा लाभ होगा।



### उपभोक्ताओं को दो स्लैब जीएसटी का लाभ

सांसद सुभाष बराला ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी परिषद का गठन हुआ था और समय-समय पर इसे बेहतर बनाने की मांग उठती रही। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले से जीएसटी सुधार की घोषणा की और मात्र एक महीने में इसे लागू किया गया। नई व्यवस्था के तहत अब कुछ प्रमुख वस्तुएँ 0 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं, जिससे ये पूरी तरह से कर मुक्त होंगी। इसके अतिरिक्त मुख्य रूप से दो जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत बनाए गए हैं, जबकि लक्ज़री उत्पादों पर 40 प्रतिशत दर लागू की गई है और पुराने 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। सांसद ने बताया कि इस सुधार से उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा, महंगाई पर अंकुश लगेगा और त्योहारों के सीजन में आम जनता को राहत मिलेगी। व्यापार और उद्योग जगत के लिए भी यह बदलाव महत्वपूर्ण है। सीमेंट, एफएमसीजी और अन्य प्रमुख सेक्टरों में लागत घटने से मांग बढ़ेगी, टैक्स विवाद और झंझट कम होंगे तथा कारोबारी अपना समय व्यवसाय विस्तार पर अधिक केंद्रित कर सकेंगे।

### कारोबार में पारदर्शिता और निवेश में वृद्धि

बराला ने कहा कि जीएसटी ने कारोबार में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। हर लेन-देन अब ऑनलाइन रिकॉर्ड होता है, जिससे टैक्स चोरी पर लगाम लगी है और छोटे व्यवसाय भी औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने हैं। यह प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के विज़न को साकार करता है। व्यापारियों में सुरक्षा का भाव विकसित हुआ है। सांसद ने आश्वस्त किया कि नई जीएसटी दरों से निवेशकों का भरोसा और मजबूत होगा, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश बढ़ेगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### हरियाणा में जीएसटी संग्रह में अप्रत्याशित वृद्धि

राज्यसभा सांसद ने बताया कि हरियाणा में एसजीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2018-19 में राज्य का एसजीएसटी संग्रह ₹18,910 करोड़ था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर ₹39,743 करोड़ हो गया, यानी 110 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीमित जनसंख्या वाले प्रदेश हरियाणा का एसजीएसटी संग्रह राष्ट्रीय स्तर पर 5वें स्थान पर है। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि यह वृद्धि केंद्र सरकार की आमजन, किसानों और उद्योग जगत के प्रति संवेदनशीलता और दूरदृष्टि को दर्शाती है। इससे राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, रोजगार सृजन होगा और हरियाणा सहित पूरे देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला पुलिस ने मोबाइल चोरी की के दो और आरोपियों शुभकर्ण व रमेश निवासी साहुवाला-2 को गिरफ्तार किया गया है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रबंधक निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि बीती 13 सितंबर को शिकायतकर्ता सुनील निवासी साहुवाला-2 ने थाना नाथुसरी चौपटा में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार रात्रि लगभग 10 बजे के बाद पवन दीवार फांदकर घर में घुसे और मोबाइल चोरी कर ले गए।

### स्कूटी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने स्कूटी चोरी मामले में दो आरोपियों रिंकू उर्फ तोती पुत्र महेंद्र सिंह, गुरमेल सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी मंगाला जिला सिरसा को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना सिरसा प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि संजीव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी स्कूटी को घंटाघर चौक से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने ममाले जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान रिंकू उर्फ तोती को गिरफ्तार किया।

### मंडी की समस्याओं को लेकर एसो. ने लिखा पत्र

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन सिरसा ने अनाज मंडी में नए फड़ बनवाने व कुछ अन्य समस्याओं के समाधान हेतु नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) को पत्र भेजा है। अधिशाषी अभियंता को भेजे पत्र में एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र नढ़ा ने बताया कि अनाज मंडी सिरसा के कुछ क्षेत्र के फड़ नगर परिषद के अंडर हैं और अराउंड एडिशनल मंडी की दुकान नंबर 12 (सतगुरु ट्रेडिंग कंपनी) से लेकर दुकान नंबर 20 (पन्ना लाल कृष्ण कुमार) तक व दुकान नंबर 32 (सगन लाल सुरेश कुमार) से लेकर (दुकान नंबर 33 हरि चंद हंस राज) तक सभी फड़ टूटे हुए हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**सिरसा।** जिला के गांव बिज्जुवाली में बाबा रामदेव मंदिर के पास कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया । बताया जा रहा है कि डबवाली की ओर से आ रही कार ने रामगढ़ गांव की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार कालूराम को टक्कर मार दी। कालूराम हरा चारा लेकर अपने गांव दारेवाला लौट रहा था।

### सोलंकी सर्वसम्मति से बने ब्लॉक प्रधान

**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सिरसा ब्लॉक का त्रिवार्षिक चुनाव पटवार भवन में संपन्न हुए। इस दौरान सर्वसम्मेति से ललित सोलंकी को ब्लॉक प्रधान, रमेश वर्मा सचिव, संदीप वर्मा कैशियर, बलवंत सिंह वरिष्ठ उप प्रधान, दरिया सिंह उप प्रधान, सुमित पटवारी सह सचिव, दीपक कुमार प्रेस सचिव बनाया गया है।

# दादा द्वारा लगाए गए रामलीला के पौधे को सींच रहे पोते धर्मपाल बुढलाडिया



फतेहाबाद। धर्मपाल बुढलाडिया।

- 1928 में शुरू हुई चिल्ली वाली रामलीला का मंचन 25 से, 14 साल से लगातार 5 बार प्रधान चुने गए हैं धर्मपाल बुढलाडिया

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

वर्ष 1928 से फतेहाबाद में रामलीला का मंचन कर रही श्रीराम सेवा समिति की 98वीं रामलीला का मंचन 25 सितम्बर से शुरू होगा। यह एकमात्र ऐसी रामलीला है जिसका मंचन निर्बाध रूप से हो रहा है। पिछले 98 सालों से लगातार चल रही रामलीला में हालांकि समिति को आर्थिक रूप से नुकसान ही होता है लेकिन इसके बावजूद समिति के अध्यक्ष धर्मपाल बुढलाडिया रामलीला को लगातार जारी रखने के पक्षधर है। धर्मपाल बुढलाडिया का कहना है कि कुछ चीजें सिर्फ फायदें और नुकसान के लिहाज से नहीं देखी जाती। रामलीला मंचन हमारे संस्कार और संस्कृति से जुड़ा है।

धर्मपाल बुढलाडिया कहते हैं कि मौजूदा समय में अकेली रामलीला ही एकमात्र उपाय रह गया है, जिसके जरिये हम अपनी आने वाली पीढ़ी को न केवल अच्छे संस्कार दे सकते हैं बल्कि भविष्य में एक बेहतर समाज की नींव भी रख सकते हैं। शहर की प्रसिद्ध चिल्ली वाली रामलीला को शुरू करने में भी बुढलाडिया परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। मौजूदा प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया के दादा ख्यालीराम बुढलाडिया ने इस रामलीला को शुरू करवाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### स्वर्णिम कार्यकाल के रूप में माना जा रहा बुढलाडिया का कार्यकाल

धर्मपाल बुढलाडिया 14 सालों से लगातार 5 बार श्रीराम सेवा समिति के प्रधान चुने गए हैं। उनके कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल के रूप में माना जा रहा है। इसके पीछे वजह साफ है कि इन 14 सालों में संस्था की लगातार बढ़ती साख के पीछे उनकी कड़ी मेहनत है। इन 14 सालों में श्रीराम सेवा समिति अनाज मण्डी धर्मशाला में वातानुकूलित हाल सहित कई वातानुकूलित कमरे बनाए गए। धर्मशाला में ही मंदिरों का भी जीर्णोद्धार किया गया है। समिति के बाहर बस स्टैण्ड के बिलकु सामने बेशकीमती जमीन पर बनी दुकानों का जीर्णोद्धार कर उन्हीं किरायेदारों को दोबारा दिया गया। संस्था द्वारा श्रीराम सेवा समिति स्कूल के नए ब्लॉक का निर्माण करवाया गया। इसके अलावा स्कूल के आधारभूत ढांचे को बेहतर निजी स्कूल जैसा स्वरूप दिया गया। श्रीराम सेवा समिति की प्राचीन चिल्ली वाली धर्मशाला में भी एसी कमरों का निर्माण किया गया। बड़ा हाल बनवाया गया। अब धर्मपाल बुढलाडिया के प्रयासों से ही खैरातीखेड़ा रोड पर एक एकड़ जमीन पर श्रीराम सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट के मल्टीस्पैशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

## हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# देश के वीर सपूतों का बलिदान हमारी अमूल्य धरोहर : सुरेश

अमर शहीद राव तुलाराम सरीखे महानायक हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय भूना में जिला स्तरीय कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने अमर शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को याद किया।

### सब कुछ न्योछावर किया

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम सरीखे महानायक हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और वीर सपूतों का बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता से लेकर आज तक हमारे वीर जवान राष्ट्र की आन-बान-शान बने हुए हैं। राष्ट्र रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के बलिदान से देश की नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। ऐसे अवसर युवाशक्ति में देशभक्ति का संचार करने का सुनहरा अवसर होते हैं। इस अवसर पर जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड की जिला सचिव विंग कमांडर सुजाता ने भी युवाओं को संबोधित किया।



भूना। शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते जिप सीईओ सुरेश कुमार।

### कविताओं से दी श्रद्धांजलि

*कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों ने भाषण, देशभक्ति गीत और कविताओं के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने शहीदों के परिजनों को स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया। इनमें गांव धौलू से सिपाही श्रीचंद की धर्मपत्नी बिमला देवी, गांव बहबलपुर से सिपाही होशियार सिंह की माता सर्वजीत कौर, गांव लोहाखेड़ा से नायक बलबीर सिंह की पत्नी बलजीत कौर, गांव बैजलपुर से नायक मनीराम की पत्नी मेवा देवी, ढाणी डूल्ट से मनोहर लाल की माता हरकोरी देवी व कृष्ण कुमार की पत्नी कलावती देवी, जांडली खुर्द से बलवंत राय की पत्नी सावित्री देवी शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध में भाग ले चुके सैनिक रामप्रताप ने भी भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के हित से जुड़ी बाते रखी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

### शहीद स्मारक पर किया नमन

# युवा पीढ़ी शहीदों के जीवन से ले प्रेरणा: डॉ. सुभाष



सिरसा। सीईओ शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित शहीदी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र व अन्य गणमान्यजनों ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने गांव खेड़ी से शहीद कांस्टेबल निहाल सिंह की धर्मपत्नी रेशमा को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन अमर वीरों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार, जिला सैनिक बोर्ड से सूबेदार लालचंद, वरिष्ठ नागरिक लालचंद गोदारा, हवलदार लिपिक रहीश कुमार, दीपक, हवलदार गुरचरण तथा शिक्षा विभाग से भागचंद विशेष रूप से मौजूद रहे।

# दुकानदारों को किया जागरूक

- जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम के तहत आबकारी एवं कराधान विभाग के तत्वावधान में डबवाली में आमजन और दुकानदारों को जीएसटी स्लैब में किए गए बदलाव के बारे में जागरुक किया गया। मंगलवार को कई बाजारों में पैदल यात्रा निकाली गई और वर्तमान जीएसटी दरों से सभी को होने वाले लाभ बारे अवगत कराया गया। जन जागरूकता यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश जग्गा, पार्षद विकास शर्मा, महेंद्र, पार्षद सुनील जिंदल, सतेंद्र गर्ग, पार्षद कृष्ण निराला, बुटा सिंह, कृष्ण जंडवाला, गगनदीप आसाखेड़ा, सतपाल पिपली, संदीप सिंगला सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



सिरसा। दुकानदारों को जागरूक करती डबवाली भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा व अन्य।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा का 28 सितंबर को होगी

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।



महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय।

### सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी।

# देश में बदलाव की शुरूआत हरियाणा से होगी : अजय

- युवा योद्धा सम्मेलन का आयोजन कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज देश में बेशक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं मगर उनकी सरकार उद्योगपति अडानी व अंबानी चला रहे हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज पूरे देश में पूंजीपतियों की सरकार है। आज देश की संपत्ति रेलवे सहित अडानी अंबानी के नाम गिरवी रख दी गई है। अजय चौटाला मंगलवार को में युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि आज पूरे देश प्रदेश में बदलाव की आवश्यकता है और ये बदलाव केवल युवा ही कर सकते हैं। इसकी शुरूआत हरियाणा की धरती से ही होगी।



सिरसा। सम्मेलन को संबोधित करते दुष्यंत चौटाला।

### प्रदेश में बढ़ रहे अपराध

प्रदेश की मौजूदा कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने रोहतक में भाषण दिया था कि अपराधी अपराध छोड़ें या हरियाणा छोड़ें लेकिन मुख्यमंत्री के भाषण के बाद अपराध घटने की बजाए बढ़े हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को अपराध पर श्वेत पत्र जारी करें। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। सम्मेलन को जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, राजेंद्र लितानी व पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने भी संबोधित किया।

### खनक ने ताइक्वांडो में जीता रजत पदक

**सिरसा।** सोनीपत में आयोजित हरियाणा स्कूल गेम्ज स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल की छात्रा खनक सिंगला ने अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीतकर स्कूल व अभिभावकों के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन किया। स्कूल निदेशिका व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में स्कूल की छात्रा खनक सिंगला ने प्रतिभागिता की और शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर स्कूल व जिले को गौरवांवित किया। मनीषा गोदारा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर होगा युवा प्रेरणा कार्यक्रम : रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भगत सिंह फाउंडेशन द्वारा आगामी 28 सितंबर को दिल्ली स्थित संविधान क्लब ऑफ इंडिया में युवा प्रेरणा 2025 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और सकारात्मक नेतृत्व को प्रोत्साहित करना है। फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणू कादयान ने बताया कि युवा प्रेरणा-25 सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है, जिसमें देशभर के समाजसेवी, युवा नेता और विचारक शामिल होकर समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा तय करेंगे। रेणू कादयान ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचार हमें बताते हैं कि बदलाव की असली ताकत युवा हैं। यह कार्यक्रम उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और नशा-मुक्त समाज बनाना हमारा संकल्प है।

# रबी मेले में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**सिरसा।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित दो दिवसीय रबी कृषि मेले में समग सीड्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेले में समग सीड्स ने अपनी आकर्षक स्टॉल के माध्यम से 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले सब्जी बीज, पशु चारे के लिए जई और बरसीम, साथ ही 10-12 बायो-फर्टिलाइजर उत्पादों का प्रदर्शन किया।

इस स्टॉल ने हजारों किसानों का ध्यान आकर्षित किया और उनकी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए समग सीड्स ने मेले में दो दिनों तक पानी की स्टॉल भी लगाई, जिससे किसानों को सहूलियत हुई और उनकी सराहना मिली। मेले में 239 से अधिक स्टॉलें थीं, जिनमें विश्वविद्यालय के विभागों और निजी कंपनियों ने नवीनतम तकनीकों व उत्पादों का प्रदर्शन किया। समग सीड्स की स्टॉल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के दम पर सभी को प्रभावित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत शहीदी दिवस पर डांगरा में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

# पीएम के 'फिट इंडिया-खेलो इंडिया' विजन को साकार करें

सांसद खेल महोत्सव का आगाज 21 से हो चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत शहीदी दिवस के अवसर पर गांव डांगरा के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-खेलो इंडिया विजन को साकार करने के लिए सांसद खेल महोत्सव एक महत्वपूर्ण कदम है।

सांसद खेल महोत्सव का आगाज 21 सितंबर से हो चुका है और आज शहीदी दिवस के अवसर पर टोहाना ब्लॉक की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें कुल 42 टीमों ने पंजीकरण करवाया है। इस महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तर से शुरू होकर विधानसभा और लोकसभा स्तर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 दिसंबर तक लगातार चलेंगी। इससे सिरसा लोकसभा क्षेत्र की हजारों प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। सिरसा लोकसभा क्षेत्र से तक 35 हजार खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है और 1900 से अधिक टीमें इस महोत्सव में हिस्सा ले रही हैं। सिरसा लोकसभा क्षेत्र देश के उन शीर्ष 10 लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है, जहां सबसे अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी दर्ज की गई है। यह केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है, जो युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक ले जाने का माध्यम बनेगा।



टोहाना। खिलाडियों से मिलते सांसद सुभाष बराला।

### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों का परिचय लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्रप्रेम की सीख भी देते हैं। खिलाड़ियों ने भी सांसद खेल महोत्सव जैसे भव्य आयोजन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को आगे बढने का मंच प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस मौके पर डॉ. शिव सचदेवा, पूर्व प्रिंसिपल रणधीर सिंह, कुलदीप मूंड, पूर्व चेयरमैन सुरजीत सिंह, बलराज नंबरदार सहित ग्रामीण, खिलाड़ी और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।